लंका में जइयो हनुमान, ऐसे कह देना

लंका में जईयो हनुमान, ऐसे कह देना

तूने सूनी सिया चुराई है,
तोहे लाज शर्म नहीं आई है,
राजा से बना फकीर, ऐसे कह देना... |
लंका में जईयो हनुमान, ऐसे कह देना... |

वो राम लखन दो भाई है,
लंका पे करें चढ़ाई है,
वहाँ चलें बाण पे बाण, ऐसे कह देना... |
लंका में जईयो हनुमान, ऐसे कह देना... |

तेरा मेघनाथ सा बेटा है,
तेरा कुंभकरण सा भाई है,
वहाँ चलें तीर पे तीर, ऐसे कह देना... |
लंका में जईयो हनुमान, ऐसे कह देना... |

तेरी सूर्पन्खा सी बहना है,
तपसी से नैन लड़ाए है,
लक्ष्मण ने काटी नाक, ऐसे कह देना... |
लंका में जईयो हनुमान, ऐसे कह देना... |

तेरे एक सौ आठ रानी है,
मंदोदरी उनमें पटरानी है,
तूने हाथों से मौत बुलाई है,
तेरो जइयो सत्यानाश, ऐसे कह देना... |
लंका में जईयो हनुमान, ऐसे कह देना... |

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34099/title/lanka-main-jaayeyo-hanuman--aise-kah-dena

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |